प्रकाशनार्थ

21 जनवरी, 2023

गुरु गोरखनाथ ब्लड बैंक में महान क्रांतिकारी एवं आजाद हिंद फौज के आधार स्तंभ रासबिहारी बोस के पुण्यतिथि के अवसर पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

आज के रक्तदान शिविर के प्रारम्भ में ब्लड बैंक प्रभारी डॉअवधेश अग्रवाल ने आज के रक्तदान के बारे में बताया की आज ही तारीख 21 जनवरी, 1945 को रासबिहारी बोस को अंग्रेजी हुकूमत ने फांसी पर चढ़ा दिया था। इस महान स्वतंत्रता सेनानी का जन्म 25 मई 1886 को कोलकाता के हुगली में हुआ था। देश की स्वाधीनता हेतु आपके त्याग एवं समर्पण युग युगो युगो तक हम सभी को प्रेरणा प्रदान करती रहेगी। इनकी जीवनी इनके विचार एवं स्वाधीनता आंदोलन में इनका योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा।

इस अवसर पर चिकित्सालय के निदेशक ब्रिगेडियर डॉक्टर दीप चंद्र ठाकुर ने बताया कि हम सभी को रक्तदान करना चाहिए जिससे जरूरतमंद व्यक्तियों की सहायता हो सके आप सभी भाई बहनों से आग्रह है कि इस तरह के रक्तदान शिविरों में भाग लेकर अन्य युवाओं को प्रेरित करें।

ब्लड बैंक अधिकारी डॉक्टर ममता जयसवाल ने रक्तदान से संबंधित विषय पर लोगों को जानकारी दी तथा इससे जुड़े भ्रम को दूर किया।

अपर निदेशक डॉ कामेश्वर सिंह ने वहां उपस्थित सभी आगंतुकों एवं रक्त दाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर रक्तदान करने वालों में जैसे विपिन, अभय प्रताप सिंह, पप्पू यादव, मंजरी त्रिपाठी, गंगेश निषाद, रमाकांत गौतम, मेराज अहमद इत्यादि ने रक्तदान किया।

इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने में ब्लड बैंक तकनीशियन अमित मिश्रा, गार्गी, रिंकू, बबीता, अमित सिंह तथा तूलिका का महत्वपूर्ण योगदान रहा